Maharana Pratap Govt. Degree College Amb

District Una HP-177203

www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032



संदर्भ संख्या : - **दिनांक: 29-10-2026**

सूचना

विषय: दीपावली के अवसर पर पटाखे फोड़ने के संबंध में दिशा-निर्देशों की अनुपालना।

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय, अंब के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दीपावली का पर्व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए मनाएँ तथा पटाखों के अनियंत्रित प्रयोग से बचें।

पटाखे फोड़ने से वायु एवं ध्वनि प्रदूषण फैलता है, जिसका मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा पक्षियों और पशुओं के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया जाता है कि वे पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाएँ, पारंपरिक मिट्टी के दीयों का प्रयोग करें तथा पटाखों से परहेज करें।

उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सभी विद्यार्थियों को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है:

1. **रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक पटाखे फोड़ना पूर्णतः वर्जित है।**
2. अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों तथा न्यायालयों के आसपास के निर्धारित **शांत क्षेत्र (Silence Zones)** में किसी भी समय पटाखे न फोड़ें।
3. वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए पटाखों के अनियंत्रित प्रयोग से बचें।
4. सभी विद्यार्थी जिम्मेदारी का परिचय दें तथा अपने परिवारों और समुदायों में पटाखों के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाएँ।

सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सुरक्षित, शांतिपूर्ण, प्रदूषण-मुक्त एवं पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाएँ तथा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

Principal
M. P. Govt. College, Amb
Distt. Una (H.P.)

प्राचार्य
महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय
अंब, जिला ऊना (हि.प्र.)